## खबर संक्षेप

### पेयजल आपूर्ति करने वाले उमरार जलाशय में चलाया गया सफाई अभियान



उमरिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आह्वान पर शुरू किया गया जल गंगा संवर्धन अभियान लगातार गति पकड़ता जा रहा है। जिले के जन प्रतिनिधि, विधायक, नगरीय एवं ग्रामीण निकायों के प्रतिनिधियों एवं आमजन व्दारा जिला प्रशासन के साथ मिलकर जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार में आगे आ रहें हैं। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अगुवाई में जल संसाधन विभाग द्वारा उमरिया नगर को जल आपूर्ति करने वाले उमरार जलाशय के मेढ़ो की साफ सफाई का अभियान कार्यप्रणाली यंत्री सरोज सिंह द्वारा शुरू किया गया। इस दौरान जलाशय के आस-पास उगी झाड़ियों की साफ-सफाई की गई। उन्होंने कहा कि यह अभियान अनवरत जारी रहेगा ।

### 2 अप्रैल को विद्यालय स्तर पर भविष्य से भेंट कार्यक्रम

उमरिया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि स्कूल चले हम अभियान के तहत विद्यालयो में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 1 अप्रैल से 4 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा । जिले के विद्यालयो में दिवसवार आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है । उन्होने बताया कि 2 अप्रैल को भविष्य से भेंट कार्यक्रम विद्यालय स्तर पर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि आवंटित स्कूल में उपस्थित रहकर विद्यालयों के बच्चो के साथ संवाद करें तथा प्रतिवेदन कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

### बिरसिंहपुर पाली में चैत्र नवरात्र मेले का किया गया शुभारंभ



उमरिया। चैत्र नवरात्र के अवसर पर बिरसिंहपुर पाली स्थित मां विरासिनी मंदिर में लगने वाले मेले का शुभारंभ जनप्रतिनिधि आसुतोष अग्रवाल के मुख्य आतिथ्यल में संपन्न हुआ । मेला 30 अप्रैल तक चलेगा । मेला कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनप्रतिनिधि आसुतोष अग्रवाल ने कहा कि यह मेला क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के लिए प्रसिध्द है । जिसमें बडी संख्या में दूर दूर से श्रद्धालुगण आते है । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मिथिलेश पयासी ने कहा कि मां विरासिनी मंदिर में उमरिया जिले सहित अन्य जिलों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में आते हैं, जो मां विरासिनी के दर्शन करने के पश्चात मेले का भी आनंद उठा सकेंगे । इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शंकुतला प्रधान, उपाध्यक्ष राजेश पटेल, दीपक छत्तवानी, सरजू अग्रवाल, केसरी अग्रवाल, सुदामा विश्वकर्मा, पार्षद संजीव खंडेलवाल, उशा कोल, विमल अग्रवाल, कलिका प्रताप सिंह सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### विजिबिलिटी एंड यूज ऑफ ऑर्किड विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार संपन्न

उमरिया। शासकीय आदर्श महाविद्याल, उमरिया और पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय, के संयुक्त तत्वावधान में एनहेसिंह रिसर्च विजिबिलिटी एंड यूज ऑफ ऑर्किड विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों से शिक्षकों, शोधार्थियों एवं पुस्तकालय विज्ञान के विशेषज्ञों ने भाग लिया। वेबिनार के मुख्य वक्ता डॉ. मोहित गर्ग, असिस्टेंट लाइब्रेरियन, आईआईटी दिल्ली, ने प्रतिभागियों को ऑर्किड आईडी के महत्व, शोध प्रकाशनों की दृश्यता बढ़ाने के तरीके और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोधकर्ताओं की पहचान सुनिश्चित करने की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सी. बी. सौंदिया, प्राचार्य शासकीय आदर्श महाविद्यालय, उमरिया, वेबिनार का संचालन आदित्य कुमार राय, ग्रंथपाल ,धन्यवाद ज्ञापन डॉ नियाज अहमद अंसारी सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान एवं कार्यक्रम संयोजन डॉ राजीव तिवारी अतिथि विद्वान भौतिक शास्त्र द्वारा किया गया । प्रतिभागियों ने वेबिनार को अत्यंत लाभकारी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें अपने शोध कार्य को बेहतर तरीके से अनुबंधित करने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक प्रभावी बनाने में सहायता मिलेगी।

## कुंदन के नाम पर चल रही दुकानदारी, रोकस, कायाकल्प में जांच जरूरी

# वर्षो से जमा है स्वास्थ्य विभाग का उपयंत्री

**रोगी कल्याण समिति के जीवित रहने के बावजूद जिला अस्पताल में जनता का पैसा दोनो हाथो से बहाया जा रहा है। जिसे सिविल सर्जन स्वयं तथा अपने चहेते अधिकारियों पर बेरहमी से उड़ाता है।**




शहडोल।

पिछले सिविल सर्जन ने अपने डेकोरम के लिए लाखों रुपए फूंक कर अपना और प्रबंधक का कमरा सजवाया था। अब नई सिविल सर्जन मेडम के आने के बाद पुनः उसी प्रबंधक के कमरे की सज्जा कराई जा रही है। 6 माह के अंदर ही कमरे की दो बार तोड़ फोड़ कर दी गई। रोगी कल्याण का जो पैसा रोगियों के हित में और उनके उपचार सुविधा में लगाया जाना चाहिए वह पैसा भ्रष्ट अफसरों के द्वारा अनाप-शनाप फूंका जा रहा है। इस संदर्भ में चर्चाएं भी शुरू हो चुकी हैं। अस्पताल एक वार्ड ब्वाय एक अर्से से अस्पताल का लोकनिर्माण विभाग ही बन गया है। वह अपना काम छोडक़र बाकी सब काम करता है। कमरों की साज सज्जा और मटेरियल आदि की व्यवस्था वह बड़ी मुश्तैदी से करता है। इन सबका एक मात्र कारण यह है कि रोगी कल्याण समिति जीवित होने के बावजूद पंगु बना दी गई है।

### रोकस पंगु, सीएस की मनमानी

रोगी कल्याण समिति का गठन इसलिए हुआ था कि अस्पताल की आय-व्यय की मॉनीटरिंग हो, अनुशंसा के साथ उपचार आदि में जरूरी खर्चे किए जाएं। रोगियों की सुविधा के लिए अगर कोई आवश्यकता है तो उसकी पूर्ति की जाए। रोगी कल्याण समिति के निर्णय से ही सारा कुछ होता था। लेकिन समिति के सचिव चूंकि सिविल सर्जन होते हैं इसलिए बैठकें उन्हे ही निर्धारित समय पर आयोजित करने की जिम्मेदारी उन्ही की रहती है। समिति के अध्यक्ष कलेक्टर बैठक में उपस्थित रहकर सदस्यों की मांग, प्रस्ताव आदि पर विचार कर निर्णय देते हैं। पूर्व के सिविल सर्जनों का यह मानना था कि न रोकस की बैठक बुलाई जाए और न आय-व्यय की पारदर्शिता की झंझट होगी। इसलिए बैठकों का आयोजन करना ही बंद कर दिया गया। या कभी बैठक हुई भी तो केवल औपचारिकता पूरी कर दी गई। रोगी कल्याण समिति को पंगु कर दिए जाने के कारण सिविल सर्जन को मनमानी करने की छूट मिल गई है।

### बिना अनुमति फूंक रहे पैसा

जिला अस्पताल में वार्डों के रखरखाव और अस्पताल की चमक-दमक आदि में बिना किसी की अनुमति के केवल सिविल सर्जन की मर्जी से खर्च किया जा रहा है, शायद जिसकी आडिट भी नहीं की जाती है। जबकि सारा व्यय कलेक्टर के अनुमोदन और समिति के सदस्यों के प्रस्ताव के बाद ही किया जाना चाहिए। अगर खर्च करने की जरूरत है तो पहले प्रस्ताव बनाकर उस पर विचार हो और फिर उसकी अनुमति ली जाए। लेकिन पिछले कुछ सालों से सिविल सर्जन इस तरह निर्णय ले रहे हैं जैसे वे एक अधिकारी नहीं बल्कि समूचे स्वास्थ्य विभाग ही हों। उन्होने कभी यह नहीं देखा कि उनके अधिकार क्या हैं और वे उनका कहां तक उपयोग कर सकते हैं। कमरों का निर्माण, चमक दमक साज सज्जा का काम सब मनमानी ढंग से किया जा रहा है।

### पांच से जमा है इंजीनियर

बताया गया कि जिला अस्पताल में अरविंद सिंह नामक इंजीनियर पिछले पांच वर्षों से यहां पदस्थ हैं, उनके पास अन्य स्थानों के लगभग आधा दर्जन अस्पतालों के कार्यों का प्रभार है। इंजीनियर यहां बहुत ही कम दिखाई देते हैं। शहडोल जिला अस्पताल में लाखों, करोड़ों के निर्माण कार्य चल रहे हैं लेकिन देखभाल इंजीनियर का एक कारिंदा करता है। वह ठेकेदार पर दबाव बनाता रहता है, दूसरी ओर सारी जवाबदेही ठेकेदार की रहती है। वह निर्माण कार्य पूर्ण कर देता है। इसके बाद कारिंदा कमीशन सेट करता है। अगर तरीके का कमीशन मिल गया तो सब ठीक है तत्काल भौतिक सत्यापन हो जाता है और नहीं तो ठेकेदार की फजीहत होती रहती है। अस्पताल के प्रायवेट वार्ड का एक कमरा इंजीनियर के लिए स्थाई रूप से बुक रहता है। जहां इंजीनियर बिना किसी व्यय के आराम करते हैं।



## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बारहसिंगा का बढा कुनवा

**मगधी परिक्षेत्र में बने बाड़ा में कान्हा टाइगर रिजर्व से लाकर छोड़ा गया था,बाड़े में 10 बच्चे आए**

उमरिया।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में कान्हा टाइगर रिजर्व से लाए गए बारहसिंगाओ ने बच्चो को जन्म दिया है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व बारहसिंगा समाप्त हो जाने के बाद टाइगर रिजर्व ने योजना बनाकर बारहसिंगा बसाने का प्रयास किया था। बच्चे आने के बाद प्रयास सफल होता हुआ दिखाई दे रहा है। बारहसिंगा को लाने के लिए अभी कार्य किया जा रहा है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में तीन ट्रिप में 45 बारहसिंगा लाए गये थे। बारहसिंगा की अंतिम खेप 13 फरवरी 2024 को 11 बारहसिंगा लाए गये। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बाड़े में लगभग 26 मादा 22 नर बारह सिंगा है। बारहसिंगाओ के बाड़ा में 10 बच्चे भी हैं। जिनका बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में जन्म हुआ है।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में मगधी परिक्षेत्र में बाडा बनाया गया है। जिसका नाम बारहसिंगा होम है। यहां पर बारहसिंगा विचरण करते हैं। 50 हैक्टेयर के बाड़ा में 4 तालाब 1 स्टाप डैम है। जिनसे पानी की व्यवस्था की गई है। बाडा को बारहसिंगा के खाना पानी की व्यवस्था पूरी तरह से की गई है।

पी के वर्मा उपसंचालक बीटीआर ने बताया कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से बाघ सहित वन्य प्राणी रहते हैं। सुरक्षा की दृष्टि से बाड़ा में चारों तरफ सोलर फेंसिंग लगाई गई है। इतना ही बारहसिंगा के लिए अजगर भी एक चुनौती है। जिसको लेकर बाड़ा में फेंसिंग के नीचे अजगर जाली लगाई गई है।

## थानों में वर्षो से अंगद की तरह पांव जमाए हुए हैं पुलिसकर्मी

शहडोल।

जिले में पुलिस के थाने चंद चेहरे चला रहे हैं, सुनने में थोड़ा अजीब लगेगा, लेकिन हकीकत तो यही है। क्योंकि शहर के थानों में कई पुलिसकर्मी ऐसे हैं, जो सालों से एक ही जगह तैनात हैं। कभी किसी शिकायत के बाद इनके थाने बदले या फिर इन्हें लाइन भेजा गया, लेकिन लौटकर उन्हीं थानों में पहुंच गए, जहां पूरा सिस्टम इनके मन माफिक चलता है। इनके थाने बदल दिए जाएं तो दूसरे थाने में नौकरी करने की बजाय या तो छुट्टी पर जाते हैं या फिर एढ़ी-चोटी का जोर अपनी वापसी में लगाते हैं। कमाल की बात है- कलम की सख्ती दिखाने वाले अफसर भी दबे-छिपे इनकी वापसी वहीं कर देते हैं, जहां यह चाहते हैं। सालों तक एक ही थाने में तैनाती का यह सिस्टम पुलिसिंग पर भारी पड़ रहा है।




जिले में पुलिस का इकबाल पुलिस के नुमाइंदे ही खत्म कर रहे हैं। सभी पुलिस थानों में कई पुलिसकर्मी ऐसे हैं, जो बरसों से यहां अंगद की तरह पैर जमाए बैठे हैं। जब तक थानों से इन अंगदों को नहीं उखाड़ा जाएगा तब तक पुलिस के विभीषण नहीं मर पाएंगे। इन पुलिसकर्मियों के पुलिस उच्चाधिकारी और नेताओं से अच्छे संबंध हैं। जिसके कारण उनका थाने से तबादला ही नहीं होता है। कोई नया अधिकारी आने पर इनका तबादला भी हो जाता है तो, ये पुलिसकर्मी इधर-उधर से जुगाड़ बैठाकर फिर वहीं लौट आते हैं। पुलिस मुख्यालय के स्पष्ट आदेश हैं कि आरक्षक व प्रधान आरक्षक एक थाने में 3 साल से ज्यादा पदस्थापित नहीं रह सकते, लेकिन हालात यह है कि जिले के हर थाने में पुलिस मुख्यालय के इन आदेशों की धज्जियां उड़ रही हैं। कई पुलिसकर्मी ऐसे हैं जो एक ही थाने में सालों से टिके हुए हैं।

पुलिस थानों में बेहतर पुलिसिंग के लिए रोटेशन प्रक्रिया को अमलीजामा पहनाया जाता है। इससे जहां पुलिस की कार्यप्रणाली चुस्त दुरूस्त रहती है, तो वहीं दूसरी ओर पुलिसकर्मी रिचार्ज भी होते रहते है। बावजूद उसके पिछले कई सालों से इस पर ध्यान नहीं दिया गया है। इसका फायदा पुलिसकर्मी उठा रहे है। बुढ़ार, अमलाई, जयसिंहनगर, खैरहा, केशवाही, कोतवाली, सोहागपुर, सिंहपुर जैसे थाना क्षेत्र एवं चौकी शामिल है। इन थानों में अधिकांश जवान और प्रधान आरक्षक, एएसआई, एसआई ऐसे है, जो वर्षो से एक ही थाने में जमें है, कुछ दो सितारा वर्दीधारी तो, वर्षो से थाना चला रहे हैं।

## गर्भवती माताएं व नवजात शिशु के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म किया गया विकसित

उमरिया।

अनमोल आरसीएच पोर्टल लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश द्वारा संचालित एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसे गर्भवती महिलाओं नवजात शिशु की स्वास्थ्य सेवाओं को ट्रैक और प्रबंध करने के लिए विकसित किया गया है इसके साथ ही अनमोल पोर्ट आरसीएच पोर्टल पर दर्ज डाटा के आधार पर जननी सुरक्षा योजना और प्रस्तुति सहायता योजना के अंतर्गत सहायता राशि का समग्र आईडी से जुड़े आधार लिंक बैंक खाते में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण करना आसान होगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एस बी चौधरी ने बताया कि विगत दिनों जिले के समस्त जिले एवं ब्लॉक से आए हुए मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक एवं अन्य आवश्यक स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया । उन्होंने बताया कि डिजिटल आरसीएच पोर्टल के प्रमुख उद्देश्य गर्भवती माता तथा शिशुओं का पंजीकरण करना हाई




रिस्क प्रेगनेंसी की पहचान करना प्रसव रिकॉर्ड संधारण जननी सुरक्षा योजना एवं प्रसूति सहायता योजना को समग्र आईडी से जुड़े आधार लिंक बैंक खाते में लाभ अंतरण करना होगा। आसान प्रसव देखभाल का रिकॉर्ड संधारण करना नवजात एवं शिशु देखभाल को ट्रैक करने में आसानी होगी । मूल्यांकन एवं अनुसरण अधिकारी श्रीमती प्रजीत कौर द्वारा प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों को नए अनमोल पोर्टल 2.0 की विशेषताओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर बताया गया कि यह पोर्टल मोबाइल एप एवं वेबसाइट दोनों ही संस्करण में तैयार किया गया है । अनमोल एप्लीकेशन अथवा पोर्टल द्वारा किसी भी हितग्राही का पंजीयन केवल ऑनलाइन पद्धति से किया जा सकता है अन्य सेवाएं भी इसमें अपडेट की जा सकती है जैसे टीकाकरण सेवाएं एवं परिवार कल्याण संबंधित पंजीयन उन्होंने बताया कि गर्भवती माता को पंजीयन हेतु सामग्र आईडी पति पत्नी दोनों की होना अनिवार्य है । विवाह की स्थिति को समग्र पोर्टल पर अपडेट करने की जिम्मेदारी हितग्राही एवं परिवार की होगी गर्भवती माता को समग्र पोर्टल पर अपनी समग्र आईडी को पति के परिवार आईडी में सम्मिलित करना होगा उन्होंने बताया कि अनमोल अप वेबसाइट इ वित्तीय से लिंक होकर बैंक से वेरिफिकेशन कर बेनिफिशियरी के आधार लिंक खाते में हितग्राही मूलक राशि ट्रांसफर की जा सकेगी ।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.मुकुल तिवारी द्वारा प्रतिभागियों को गर्भवती माता की एवं शिशु को आरसीएच पोर्टल में दर्ज करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए उन्होंने बताया कि एसएमएस गेटवे सुविधा अप के माध्यम से अधिकारी फील्ड कार्यकर्ताओं और लाभार्थियों को सूचनाओं दिशा निर्देश चेकअप तिथियां आदि के बारे में अलर्ट भेजने के लिए इनेबल्ड एसएमएस गेटवे की व्यवस्था पोर्टल द्वारा की गई है जिससे कि लाभार्थी समय-समय पर दर्ज मोबाइल नंबर पर अपनी सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकता है उक्त प्रशिक्षण में जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी एवं ब्लॉक स्तर के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए।




## जलाशयों को पुनर्जीवित करने सुबह से जुटते हैं युवा टीम के सदस्य

### ग्राम पंचायत पिपरिया तालाब में स्वच्छता चलाकर जल संरक्षण में किया प्रयास

**उमरिया।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियानष के तहत जल स्त्रोतों की साफ सफाई और सौंदर्यीकरण का कार्य लगातार जारी है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सीईओ अभय सिंह के मार्गदर्शन में ग्रामीण व शहरीय क्षेत्र में जल स्त्रोतों की रिपेयरिंग, सौंदर्यीकरण और गहरीकरण के लिए ग्रामीणजन श्रमदान कर रहे हैं। जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा सोमवार को जिले के विकासखंड मानपुर ग्राम पंचायत पिपरिया के तालाब में श्रमदान कर तालाब की साफ सफाई की।जल ही जीवन है, जल का संरक्षण, संवर्धन तथा प्रबंधन हम सबका दायित्व है। हमें हमारे पुरखों ने जो धरोहर उपहार में दी है, हम सबको भी अपनी अगली पीढ़ी को सौंपना हमारा दायित्व है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जल गंगा संवर्धन अभियान की महत्वता बताई जाकर ग्रामीणों को जल संवर्धन एवं संरक्षण के कार्यो में आगे आकर कार्य किये जाने का आव्हान किया गया। विधायक ने जल है तो कल है, इसको ध्यान में रखकर जल संवर्धन के कार्य व पर्यावरण हेतु अधिक से अधिक पौधा रोपण व उनकी पुर्नजीवितता सुनिश्चित करने की बात कही।

हिमांशु तिवारी ने बताया कि ष्जल गंगा संवर्धनष अभियान के अंतर्गत युवा टीम लोगो एकजुट करके जितना हो सके जल का संरक्षण एवं संवर्धन प्रयास कर रही है।उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत हम सभी अपनी भावी पीढ़ी को विशेष उपहार देंगे, जिससे उन्हें जल संकट का सामना न करना पड़ेगा। महसूस ना हो। उन्होंने कहा कि पेड़ और मनुष्य एक दूसरे के पूरक हैं। पेड़ों के बिना मनुष्य का जीवन संभव नहीं है। पेड़ हमें ऑक्सीजन देते हैं तथा बदले में हम उन्हें कार्बनडाई ऑक्साइड गैस देते हैं, जो पेड़-पौधे गृहण करते हैं। इस दौरान ग्राम पंचायत पिपरिया सरपंच राजू कोल,सचिव संतोष दुबे,पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी, पर्यावरण मित्र खुशी सेन, खुशबू बर्मन,महक सोनी,खुशी बर्मन, ग्रामीण वासी चेतराम नापित,रामचतीर नापित,पंच गौतम बुद्ध,हरिलाल कोल ,पुष्पेंद्र कोल,राजवीर कोल,पतंगिया कोल,सिया बाई , सौरव पांडेय व सभी पर्यावरण मित्र उपस्थित रहे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खलेसर तलाब में किया गया श्रमदान

उमरिया।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिला मुख्यालय स्थित खलेसर तालाब में श्रमदान करके साफ सफाई की गई । इस अवसर पर नपा उमरिया उपाध्यक्ष अमृतलाल यादव, पार्षद अशोक गौटिया, पार्षद नासीर अंसारी, पार्षद संजय पांडेय, पार्षद राजू कोल, पार्षद राजेंद्र कोल, मुकेश सिंह,मंगल सिंह नारायण दुबे, स्वच्छता निरीक्षक, देव कुमार गुप्ता उपयंत्री, अखिलेश सिंह, प्रशांत विश्वकर्मा, संतोष केवट, निशांत मिश्रा सहित जन समूह ने खलेसर तलाब में श्रमदान एवं सफाई की। नगर पालिका उपाध्यक्ष अमृतलाल यादव ने कहा कि जल के बिना मानव का जीवन संभव नही है। जल की एक एक बूंद को सहेजने के लिए शासन के साथ साथ आम जनों को आगे आना होगा । मुख्य नगर पालिक अधिकारी किशन सिंह ठाकुर ने कहा कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है । अभियान के तहत तालाब, नदियों , बावडियों के आस पास सफाई संचालित की जाएगी । तालाब का सौंदर्यीकरण किया जाएगा । देव कुमार गुप्ता उपयंत्री द्वारा बताया गया कि यह अभियान 30 जून तक निरंतर चालू रहेगा।



## खबर संक्षेप

### युवती के गुमशुदगी का मामला दर्ज

**कोतमा।** कोतमा थाना अंतर्गत रेऊला गांव में रहने वाली 21 वर्षीय युवती के गुमशुदगी को लेकर मामला दर्ज किया गया है। कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा के भी बिना बताए घर से लापता होने पा सनसनी मच गई। तलाश पास पड़ोस सहित अन्य जगह पता तलाश किए जाने के बाद भी ना मिलने पर युवती के परिजन लालदास की शिकायत पर गुम इंसान कायम करते हुए तलाश की जा रही है।

### महिला हुई घर से लापता, थाने में शिकायत

**कोतमा।** कोतमा थाना अंतर्गत विचारपुर में अपनी बहन के यहां रहने वाली 29 वर्षीय महिला के घर से लापता होने का मामला सामने आया है। सूचना पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करते हुए तलाश में जुट गई है। बताया जाता है कि बुढार नवाटोला में रहती थी जो अपनी बहन के यहां विचारपुर में आई थी। घर से अचानक कहीं चली गई। परिजनों के द्वारा संभावित जगह में पता तलाश किए जाने के बाद भी न मिलने पर थाने में सूचना दी गई।

### रमजान का पवित्र महीना पूरा होने पर मनाया गया ईद का त्यौहार



**कोतमा।** रमजान का पवित्र महीना के खत्म होने के बाद सोमवार को ईद का त्योहार बहुत ही हर्षउल्लास के साथ मनाया गया। कोतमा ईदगाह में ईद की विशेष नमाज सुबह 9 बजे अदा की गई। मुस्लिम समुदाय का बहुत ही खाश त्योहार हैं ईद का। तीस दिन रोजा रख कर खुदा की इबादत की जाती हैं। ईद की नमाज के बाद मौलाना साहब द्वारा शांति-अमन, भाई-चारे के लिए दुआ मांगी गई। एक दूसरे को गले लगा कर ईद की मुबारकबाद भी दिया गया। ईदगाह के आसपास सुरक्षा व्यवस्था व सहयोग की पुलिस प्रशासन का पूरा इंतजाम था। कोतमा पूर्व विधायक मनोज अग्रवाल, डॉ मो.रिजवान खान, डॉ मंसूर अंसारी, मो.हनीफ़ खान, मो.तौसीफ,मो.इसहाक, पप्पू भाई तमाम मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे।

## गले मिलकर एक दूसरे को दी बधाई

# नमाज अदा कर मुस्लिम समाज ने मनाई ईद



नगर परिषद के अंतर्गत मुस्लिम समाज द्वारा रमजान के पवित्र महीने में एक माह रोजा रखने नियम और अनुशासन में रहने के बाद चांद निकलने के बाद ईद की नमाज अदा की गई उसके बाद सब ने गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी

**ब्यौहारी।** स्टेट बैंक के पीछे मैदान में हाफिज वसीम राजा द्वारा नमाज अदाकाराई गई हिंदुस्तान में अमन चयन का पैगाम दिया उन्होंने कहा कि इस्लाम हमें नेकी और शांति का राह दिखाता पूरे विश्व में शांति रहे यही अल्लाह का पैगाम है नमाज अदा करने के बाद प्रशासन की तरफ से तहसीलदार एवं नगर निरीक्षक ने ईमाम एवं सदर को ईद की बधाई दी इस दौरान ब्यौहारी कमेटी के सदर मोहम्मद रमजान कादरी भी उपस्थित थे सुरक्षा की दृष्टि से नगर निरीक्षक अरुण पांडे तहसीलदार अजय पांडे एवं पुलिस बल उपस्थित रहा।

## सर्व हिंदू समाज द्वारा निकाली गई सनातन यात्रा




ब्यौहारी।

ब्यौहारी हिंदू नव वर्ष गुड़ी पड़वा पर सर्व हिंदू समाज यात्रा द्वारा श्री राम जानकी और हनुमान की सनातन यात्रा नगर में निकाली गई यात्रा का शुभारंभ सुंदी बाई केसरवानी स्कूल से प्रारंभ होकर बस स्टैंड में देवी मंदिर चुंगी नाका, लक्ष्मी नारायण मंदिर मार्ग,गंज मंदिर होकर पुनः स्कूल पहुंची जहां पर भंडारे का आयोजन किया गया जहां पर सभी सनातनी बंधुओ द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया शोभायात्रा में सुरक्षा के लिए पुलिस मौजूद रही सहित 500 सनातनी बंधु, भगिनी शामिल हुए।

## सैकड़ों कलश एवं ज्योति कलश की हुई स्थापना

# मां संतोषी देवी मंदिर में सोमवार से मार्कंण्डेय पुराण संगीत मय प्रारंभ



बिरसिंहपुर पाली



मां संतोषी माता के मंदिर में सोमवार रामनवमी दुईज से नवरात्रि मार्कंण्डेय संगीत मय पुराण प्रारंभ हुआ है। इस अवसर पर मंदिर में सैकड़ो जावारा. कलशों की स्थापना की गई संतोषी माता मंदिर मे श्री पंडित केशव उपाध्याय के द्वारा पूजा अर्चना के पश्चात पूरा नगर को भक्तिमय वातावरण मे श्रद्धालु दूर-दूर से यहां संतोषी माता के दर्शन के लिए आते है और माता रानी के दरबार में अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना करेते है।चैत्रनवरात्रि के इस महापर्व में मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया, और पूरे नगर में देवी भक्ति का रौब दिखाई दे रहा। श्रद्धालु सुबह से लेकर रात माता रानी के दर्शन के लिए आते हैं भक्ति भाव से पूजा-अर्चना करेंते है, जिससे मंदिर क्षेत्र में भक्तों का रेला चारों तरफ नजर आता है।वार्ड नं 15 दफाई माता संतोषी प्रबंध समिति के द्वारा संपूर्ण तैयारी की गई है। दर्शनार्थियों के लिए सुरक्षा और सुव्यवस्था का खास इंतजाम किया गया है, ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालु गण नवरात्रि का आनंद सुकून से ले सकें। इस दौरान नगर के हर गली-मोहल्ले में भक्ति गीतों की गूंज सुनाई देगी और पूरे क्षेत्र में देवी की जयकारें के साथ लोग मंदिर पहुंचते हैंमाता संतोषी देवी के दर्शन और पूजा की तैयारी में पूरे नगर का माहौल उल्लासित है। श्रद्धालुओं का मानना है कि इस दौरान मां के दर्शन से सभी प्रकार की बाधाओं से मुक्ति मिलती है और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।सभी श्रद्धालु इस पवित्र अवसर पर देवी मां की पूजा-अर्चना में भाग लेकर अपनी श्रद्धा व्यक्त करने के लिए उत्साहित हैं।श्री मार्कंण्डेय पुराण संगीत मय बैठकी दिनांक 31/03 / 2025 दिन सोमवार जावरा बैठकी दिनांक 31/03/ 2025 दिन सोमवार जवारा विसर्जन एवंश्री मार्कण्डेय पुराण विसर्जन दिनांक 08 /04 /2025 दिन मंगलवार सभी भक्त पहुंच कर संगीत मय पुराण का आनंद ले और शाम को भंडारा प्रसाद चखकर आनंद ले।

## चैत्र नवरात्र पर्व के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी भीड़

चैत्र नवरात्र पर्व को लेकर भक्तिमय माहौल बन गया है। मंदिरों में मातारानी के दर्शनार्थ एवं जलार्पण करने भोर से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक में नवरात्र पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है। मंदिरों में कलश स्थापित किये गए। शहर के प्रमुख आस्था के केन्द्र माँ जालपा देवी मंदिर और शहर देवी मंदिरों में साज सजावट कर माता का दरबार सजाया गया। जालपा देवी मंदिर में भक्तों को दर्शन और पूजा करने में कोई दिक्कत न हो, इसके लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। देवी मंदिरों में प्रशासन की ओर से व्यवस्थाएं कराईं गई हैं।





## जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**अमरकंटक।** जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक में घरेलू कक्षाओं कक्षा 6 से 9 तथा कक्षा 11 के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इस अवसर पर प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विशेष पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। सभी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण रहे। जो की सराहनीय रहा प्राचार्य महोदय डॉ एसके राय ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह परीक्षा परिणाम शिक्षकों के कठिन परिश्रम समर्पण एवं मार्गदर्शन का प्रतीक है। विद्यालय में इस अवसर पर शिक्षक पालक संघ की बैठक भी आयोजित की गई जिसमें विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई एवं निर्णय लिए गए जो छात्र एवं विद्यालय हित में आवश्यक थे छात्रों के लिए मोबाइल बैन एवं अनावश्यक अवकाश मुख्य बिंदु रहे। तत्पश्चात सभी आगंतुक अभिभावकों ने विद्यालय मेंस में भोजन किया। तत्पश्चात सभी अभिभावकों ने कक्षा अध्यापकों से अपने बच्चों का प्रगति पत्र प्राप्त किया एवं छात्रों संबंधी अन्य महत्वपूर्ण विचार भी साझा किये। अंत में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक डॉ ए के शुक्ला ने परीक्षा प्रभारी देवेंद्र सिंह सेंगर एवं परीक्षा विभाग के अन्य सदस्य समस्त कक्षा शिक्षकों एवं अन्य सभी का धन्यवाद किया। परीक्षा परिणाम के शुभ अवसर पर विद्यालय में समस्त अभिभावकों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी सभी अभिभावकों ने नवोदय विद्यालय समिति का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## जल और जलस्त्रोतों का संरक्षण एवं संवर्धन सभी की जिम्मेदारी

### जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ में जल गंगा संवर्धन अभियान का हुआ शुभारंभ



**राजेन्द्रग्राम।** जिले के जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत बिलासपुर में रविवार को जल गंगा संवर्धन अभियान का जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के पूर्व अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती भुवनेश्वरी देवी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के पूर्व अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश भर में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत अनूपपुर जिले में 30 मार्च से 30 जून तक यह अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान जल तथा जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी से अभियान में सहभागिता करने की अपील की। शुभारंभ कार्यक्रम में लोगों को जल के संरक्षण एवं संवर्धन का महत्व बताया गया तथा जल के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु शपथ भी दिलाई गई तथा अभियान के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ गणेश पाण्डेय, एपीओ वरुण सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी एवं आमजन्य उपस्थित थे।

# भव्य कलश यात्रा के साथ ही शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ



### भक्ति के रस में डूबा पूरा राजनगर

**राजनगर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी न्यू राजनगर काली मंदिर प्रांगण में सतचंडी रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें चैत्र नवरात्रि के पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकालकर इस महायज्ञ की शुरुआत की गई। कलश यात्रा में हमारे कोतमा विधानसभा के विधायक व मध्यप्रदेश सरकार में राज्य मंत्री माननीय दिलीप जायसवाल का आगमन हुआ। उन्होंने यज्ञ स्थल व मां काली का आशीर्वाद लेकर सभी नगर वासियों को चैत्र नवरात्रि हिंदू नव वर्ष व गुड़ी पड़वा की बधाई दी। इस महायज्ञ की शुरुआत क्षेत्रीय महाप्रबंधक उमेश शर्मा, उपक्षेत्रीय महाप्रबंधक एम.पी सिंह एवं, एम.पी. सिंह की धर्मपत्नी रजनी सिंह व दीपक बंठिया खान प्रबंधक राजनगर आर.ओ, एसईसीएल एटक यूनियन के अध्यक्ष कन्हैया सिंह की उपस्थिति में वाराणसी से आए हुए विद्वानों द्वारा मंत्रोचार व पूजा पाठ कर कलश यात्रा की शुरुआत की गई। इस हजारों कीसंख्या में कलश यात्रा में पूरा राजनगर ही उपस्थित हो गया था। यह भव्य कलश यात्रा यज्ञ स्थल काली मंदिर न्यू राजनगर से प्रारंभ होकर जोड़ा तालाब होते हुए सब एरिया बंगला बाजार दफाई बस स्टैंड होते हुए शिव मंदिर राजनगर में आकर वहां पूजन उपरान्त जल लेकर सभी श्रद्धालु वापस यज्ञ स्थल काली मंदिर पहुंचे। इस पूरे कलश यात्रा के दौरान नगर परिषद ने अपना पूरा योगदान दिया। श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह पर शरबत वह शीतल पेयजल की व्यवस्था नगर परिषद द्वारा किया गया। जोड़ा तालाब के पास खुद नगर परिषद बनगवां के अध्यक्ष यशवंत सिंह उपाध्यक्ष, धनंजय सिंह और नगर परिषद के कर्मचारी धनंजय यादव, योगेंद्र गुप्ता, मनजीत भारती, अजय श्रीवास्तव, चेतन कुशवाहा, अभिलेष, हनुमान उपाध्याय, राकेश गुप्ता, अशोक द्वारा सभी श्रद्धालुओं को शर्बत व शुद्ध पेयजल पिलाया गया। इस पूरे कलश यात्रा के दौरान नगर परिषद के टैंकरों द्वारा पूरे रोड में कलश यात्रा के आगे आगे पानी गिराया जा रहा था। जिससे कि श्रद्धालुओं को इस तपती गर्मी में उनके पैरों को आराम मिल सके। यह शतचंडी महायज्ञ पिछले 23 सालों से इसी तरह हर वर्ष चैत महीने में आयोजित की जाती है। आज शाम से ही वाराणसी से आए हुए विद्वान द्वारा भागवत कथा व प्रवचन का आयोजन प्रतिदिन रामनवमी तक किया जाएगा। जिसमें कमेटी द्वारा सभी नगर वासियों को भागवत कथा वी प्रवचन के लिए आमंत्रित किया गया है। इस कलश यात्रा के दौरान थाना रामनगर ने अपना पूरा योगदान दिया। खुद थाना प्रभारी सुमित कौशिक पूरे दलबल के साथ इस कलश यात्रा में मौजूद रहे। ताकि कोई भी अप्रिय घटना ना हो। इस पूरे कलश यात्रा में नगर के सभी वरिष्ठ लोगों के साथ-साथ प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथी पत्रकार सुमिता शर्मा, पंकज कुमार शर्मा, मनीष सिंह, अखंड प्रताप सिह, मनोज सिंह, उपस्थित रहे।

### अमरकंटक में चला स्वच्छता अभियान

**अमरकंटक।** अमरकंटक में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे गायत्री सावित्री सरोवर की सफाई एवं जीर्णोद्धार का कार्य नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिव प्रसाद धुर्वे सर, लेखा शाखा प्रभारी चैन सिंह मंडलोई सहायक राजस्व निरीक्षक मनीष विश्वकर्मा जनप्रतिनिधियों, पार्षद वार्ड क्रमांक 15 श्रीमती विमला दुबे, कांग्रेस युवा नगर अध्यक्ष वीरू तम्बोली, नगर स्वच्छता प्रभारी उमाशंकर परमार, जल प्रभारी बैजनाथ चंद्रवंशी, तकनिकी शाखा प्रभारी सनत पाण्डेय, एवं नगर परिषद् के समस्त कर्मचारियों द्वारा किया गया।



# भालूमाड़ा के सनी पटेल का आई-लीग थर्ड डिवीजन टीम में चयन

### एसईसीआर रेलवे की टीम से उतरेंगे मैदान पर

**भालूमाड़ा।** नगर के होनहार खिलाड़ी 27 वर्षीय सनी पटेल, पिता भागीरथी पटेल निवास वार्ड क्रमांक 14 बचपन से ही फुटबॉल के प्रति उनका लगाव रहा है और खेल के दौरान उन्होंने जिले से लेकर संभाग तक प्रदेश तक अपने खेल प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया है और उनकी इसी लगन और मेहनत के कारण वह जिस टीम से भी भागीदारी करते थे अपनी टीम को सफलता दिलाते रहे हैं और उनकी इसी खेल प्रतिभा को देखते हुए उनका चयन एसईसीआर रेलवे की टीम में हुआ है जहां से वह आई लीग थर्ड डिवीजन फुटबाल चैंपियनशिप में रेलवे की तरफ से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। सनी पटेल प्रदेश के शहडोल संभाग के जिला अनुपपुर भालूमाड़ा से हैं। वे पहले सेंचुरियन (मुंबई) जैसी टीम का हिस्सा रह चुके हैं। हाल ही में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शहडोल के फुटबॉल के बारे में चर्चा की थी। वही एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र भी अतीत में फुटबॉल के लिए जाना जाता रहा है यहां से राष्ट्रीय फुटबॉल के खिलाड़ी अपने खेल का जौहर पूरे देश में दिखा चुके हैं और एक समय था कि कोल इंडिया में एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र फुटबॉल के लिए जाना जाता था। सनी पटेल ने छत्तीसगढ़ में अपने शानदार खेल का किया प्रदर्शन



**छत्तीसगढ़ राज्य फुटबॉल लीग चैंपियनशिप**

सनी पटेल ने बिलासपुर एस.इ.सी.आर. (S.E.C.R.) रेलवे टीम का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम के लिए शानदार खेल से विजय दिलाई। सनी पटेल और उनके साथियों की मेहनत रंग लाई और उनकी टीम ने स्टेट चैंपियनशिप जीती। इस खिताब के साथ उन्होंने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। आई-लीग थर्ड डिवीजन में भागीदारीः एसईसीआर रेलवे टीम अब आई-लीग थर्ड डिवीजन फुटबॉल चैंपियनशिप में भाग लेगी। सनी पटेल अपने संभाग ओर जिले के एकमात्र खिलाड़ी हैं जो आई-लीग में अपना हुनर दिखाएंगे और छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह उनके लिए और उनके संभाग और जिले के लिए गर्व की बात है। सनी पटेल के इस उपलब्धि पर उनके परिवार के माता-पिता वार्ड के लोग एवं जमुना कोतमा क्षेत्र जो सदैव से फुटबॉल के लिए जाना जाता रहा है नगर के वरिष्ठ खिलाड़ियों ने भी सनी पटेल को शुभकामनाएं देते हुए अपना आशीर्वाद दिया है।

## खबर संक्षेप



### विधायक बडवारा ने किया मूर्तिहा तालाब में श्रमदान

**बड़वारा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विधायक बडवारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने रविवार को मूर्तिहा तालाब बड़वारा मे श्रमदान किया गया एवं जल के महत्व के सबंध मे ग्रामीणों से विस्तार से चर्चा की गयी । इस अवसर पर सीईओ जनपद पंचायत बड़वारा के के पांडेय ,मण्डल अध्यक्ष श्री सोनी , सहायक यंत्री आर बी सिंह ,एपीओ डॉ अजीत सिंह, उपयंत्री श्री बघेल एवं विनय सिंह ,महेंद्र जायसवाल सरपंच ,सचिव बड़वारा एवं स्थानीय जन उपस्थित रहे।

### पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत आवेदन की अंतिम तिथि आज

**कटनी।** जिले के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर आया है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना 2024-25 के दूसरे चरण के लिए आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि सोमवार 31 मार्च है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत, चुने गए उम्मीदवारों को देश की टॉप कंपनियों में इंटर्नशिप करने का मौका मिलेगा। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने संबंधित अधिकारियों को इस योजना में जिले के अधिक से अधिक युवाओं का पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं। इस योजना में आवेदन के लिए युवाओं की आयु 21 से 24 वर्ष निर्धारित की गई है। इसके लिए 10वीं पास वह युवा आवेदन कर सकते हैं जो किसी पूर्णकालिक रोजगार या शिक्षा में संलग्न नहीं हैं। ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अध्ययन करने वाले युवा इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए पात्र हैं। जिन उम्मीदवारों के परिवार की वार्षिक आय 8 लाख रुपये से अधिक है, वे इस इंटर्नशिप के लिए पात्र नहीं हैं। यदि परिवार का कोई सदस्य स्थायी सरकारी सेवा में है, तो ऐसे परिवार का कोई भी युवा पात्र नहीं है। पीएम इंटर्नशिप योजना 2025 के तहत अभ्यर्थी को 5,000 रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड मिलेगा। इसके अलावा अभ्यर्थी को 6,000 रुपये की एकमुश्त धनराशि दी जाएगी। इंटर्नशिप की अवधि 12 माह की होगी।

### ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन कराकर योजनाओं का प्राप्त करें हितलाभ

**कटनी।** भारत सरकार द्वारा असंगठित कामगारों के लिए ई-श्रम पोर्टल पर नामांकन किया जा रहा है जिसमें गिग वर्कर्स को भी शामिल किया गया है जैसे स्विगी, उबर, ओला, अमेजन, जोमैटो, ब्लिंक कॉमर्स, ई-कॉम एक्प्रेस, अंकल डिलिवेरी एक्सप्रेस, अर्बन कंपनी, ब्लिकिंट आदि प्लेट फार्म पर कार्य करने वाले असंगठित श्रमिकों को सम्मिलित किया गया है। जिला श्रम पदाधिकारी ने जिले के उक्त स्वरूप कार्यरतजनों से आग्रह करते हुये कहा है कि ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन कराकर उक्त योजनाओं का हितलाभ प्राप्त करें।

### जिले में स्कूल चलें हम अभियान से

**कटनी।** जिले में नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2025-26 की शुरुआत एक अप्रैल से स्कूल चलें हम अभियान के रूप में की जायेगी। अभियान के दौरान एक से 4 अप्रैल, तक शालाओं में कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस संबंध में कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने शिक्षा विभाग के सभी मैदानी अधिकारियों सहित जिला परियोजना समन्वयक और जिला शिक्षा अधिकारी को दिशा-निर्देश जारी कर कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा हैं। अभियान के दौरान सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आयोजित किए जाने वाले प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में सांसद, विधायक एवं अन्य स्थानीय जन-प्रतिनिधियों , पंचायत पदाधिकारियों व प्रतिनिधियों और पंच सरपंचों आमंत्रित करें। इस दौरान छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठ्य-पुस्तकें प्रदान की जाय। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने इस बार ऐसी व्यवस्था की है कि नये शुरुआत में ही विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तकें मिल जायें।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाबों में जल संग्रहण क्षमता बढ़ाने के प्रयास

# भू-जल में वृद्धि के लिए 3.44 करोड़ से 36 तालाबों का होगा नवीनीकरण व जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कटनी जिले में रविवार 30 मार्च से जल संरचनाओं के निर्माण, जीर्णोद्धार और साफ-सफाई का कार्य शुरू हुआ। इसे और अधिक विस्तार देकर जिले जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्यों के माध्यम से जल संग्रहण क्षमता में वृद्धि एवं भू-जल रिचार्ज को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा जिले के 36 तालाबों की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार हेतु 3 करोड 44 लाख 69 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

कलेक्टर श्री यादव नें यह स्वीकृति कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा प्रस्ताव एवं तकनीकी प्रतिवेदन के आधार पर सशर्त जारी किया है।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार तालाब जीर्णोद्धार एवं नवीनीकरण कार्य कराये जाने हेतु संबंधित ग्राम पंचायतों को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया है तथा कार्य में होने वाला व्यय 15वें वित्त एवं महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार स्कीम के अंतर्गत विकलनीय होगा। इस संपूर्ण कार्य में 82 हजार 512 मानव कार्यदिवस का रोजगार सृजित होगा।

#### ये तालाब शामिल

जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत नें बताया कि तालाबों के पुनरूद्धार, जीर्णोद्धार एवं नवीनीकरण हेतु तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है उनमें जनपद पंचायत कटनी अंतर्गत ग्राम पंचायत केवलानी ग्राम सर्रा हेतु 9.47 लाख , खरखरी के ककरहाई तालाब हेतु 9.56 लाख, जुहला के गोहाई तालाब हेतु 9.59 लाख, पिपरिया के आसमानी दाई के पास स्थित तालाब हेतु 9.46, मझगवां फाटक के सोजहाई तालाब हेतु 9.83 लाख, तथा मड़ई के शांतिधाम के बाजू के सुर्की तालाब के जीर्णोद्धार हेतु 9.53 लाख रूपये की स्वीकृति जारी की गई है।

जबकि जनपद पंचायत रीठी के बरयारपुर के खैरूआ तालाब के विस्तारीकरण हेतु 9.96 लाख, जमुनिया के मोहाई तालाब गहरीकरण हेतु 9.96 लाख, खम्हरिया -1 के बरा के पास स्थित तालाब के जीर्णाद्धार हेतु 9.90 लाख, तिनगवां तालाब विस्तारीकरण जुखला हेतु 9.74 लाख, कुम्हावारा गेवडाहार तालाब विस्तारीकरण हेतु 9.74 लाख, बडखेरा दुर्गा मंदिर के पास स्थित तालाब विस्तारीकरण हेतु 9.75 लाख, कैमोरी नर्सरी तालाब विस्तारीकरण 9.46 लाख, नैगवां गाडीघाट तालाब विस्तारीकरण 9.46 लाख, धनौरा धरहा तालाब हेतु 9.44 लाख रूप्ये, सिमरा-1 रैपुरा तालाब 9.56 लाख, बकलेहटा कछिया वाली तलैया जीर्णोद्धार हेतु 8.69 लाख, तिघराकला तालाब जीर्णोद्धार 8.99 लाख रूपये की स्वीकृत प्रदान की गई है।

वहीं जनपद पंचायत बड़वारा अंतर्गत जनपद पंचायत लुरमी बड़ा तालाब 9.75 लाख, पिपरिया कला के बडका तालाब जीर्णोद्धार हेतु 9.78 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार जनपद पंचायत बहोरीबंद अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत डिहुटा के इंदिरा कालौनी तालाब हेतु 9.95 लाख रूपये, मसंधा के धरना मोहार तालाब हेतु 9.31 लाख, कुम्हरवारा के शमशानघाट के पास के तालाब हेतु 9.46 लाख, खमतरा के भटिया तालाब हेतु 9.35 लाख, बरही के पूरन लोघी के खेत के पास के तालाब हेतु 9.34 लाख, बहोरीबंद के बैरई तालाब हेतु 8.01 लाख तथा मोहतरा के हरिजन मोहल्ला स्थित तालाब के जीर्णोद्धार हेतु 9.44 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

वहीं जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ अंतगत आने वाली ग्राम पंचायत खिरवा नंबर 1 लाहुरवा तालाब हेतु 9.70 लाख रूपये, चपना के दडौरी तालाब हेतु 9.81 लाख, सिनगोडी की शारदा मोड़ तलैया हेतु 9.81 लाख, पथरहटा के सिझौला तालाब हेत 9.83 लाख, हन्तला के गुलैला तालाब 9.72 लाख, देवसरी इंदौर के सेगरहाई भटिया स्थित तालाब हेतु 9.47 लाख, रजरवारा -2 पहाडी तालाब हेतु 9.83 लाख, रजरवारा -1 बाबा तालाब हेतु 9.96 लाख तथा बम्होरी के बढियाहार तालाब के जीर्णोद्धार हेतु 9.87 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

उपरोक्त कार्य के क्रियान्वयन में 15वां वित्त एवं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 तथा उसके अनुक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना अनिवार्य होगा। स्वीकृत निर्माण कार्य में म.गा.रा.ग्रा.रो.गां. स्कीम म.प्र. के मार्गदर्शी सिद्धांतो के अनुरूप ग्रामीण जाबकार्डधारी परिवार के व्यक्तियों को रोजगार की मांग करने पर अनिवार्य रूप से लगाया जावेगा।

## बाइकों में हुई भिड़ंत, एक की मौत, दो अन्य गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहें। आए दिन सड़कें खून से सन रही हैं। बड़वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मझगवां के समीप शनिवार की देर रात एक बार फिर सड़क हादसे के कारण सड़क खून से सन गई। दो बाईकों की सीधी भिड़ंत में एक युवक की मौत हो जाने और दो लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की बात सामने आ रही है।

गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को सघन उपचार के लिए जबलपुर रेफर कर दिया गया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक हादसे में एक घायल उछलकर सड़क किनारे नाली में गिर गया था और बड़ी देर तक वह गंभीर अवस्था में वहीं पड़ा रहा। इस दौरान अत्यधिक रक्त स्राव हो जाने के कारण उसकी मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम रेपुरा निवासी 25 वर्षीय अखिलेश विश्वकर्मा पिता राममिलन विश्वकर्मा उमरिया जिले के चंदिया में एलआईसी कार्यालय में कैशियर के पद पर पदस्थ था। शनिवार रात को भी वह ऑफिस से अपने गांव वापस लौट रहा था। ग्राम मझगवां के समीप सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उसकी मोटरसाइकिल टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अखिलेश उछलकर सड़क किनारे नाली में गिर गया।

घटना के बाद बाइक सवार दो अन्य युवकों को तो अस्पताल भिजवा दिया गया मगर अखिलेश नाली में पड़ा तड़पता रहा। जब तक अखिलेश को तलाश किया जा सकता तब तक नाली में ही उसकी मौत हो गई। हादसे में घायल हुए दो अन्य युवकों का नाम पता नहीं मिल पाया। उनकी हालत भी गंभीर है। सघन उपचार के लिए जबलपुर रेफर कर दिया गया है।

### विपोस्ट मैट्रिक छात्रवृति हेतु एमपी टास पोर्टल पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च

**कटनी।** सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने बताया कि पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति सत्र 2024-25 हेतु एमपी टास पोर्टल पर आवेदन करने की अंतिम तिथि सोमवार 31 मार्च 2025 नियत की गई है। सभी पात्र विद्यार्थियों से अपने छात्रवृति आवेदन समय सीमा में पोर्टल में अपलोड करने हेतु कहा गया है।

*कैमोर थाना में तीन व्यक्तियों के विरूद्ध दर्ज किया अपराध*

## हाई क्वालिटी का कोयला उपलब्ध कराने के नाम पर लगाई तगड़ी चपत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शातिराना दिमाग लगाकर बदमाश लोगों को अपने लपेटे में ले ही लेते हैं। जब तक ठगों के मंसूबों का पता चलता है तब तक लुट चुके होते हैं। नये नये तरीकों से ये शातिर ठग उच्च शिक्षित लोगों को भी चपत लगा देते हैं। हाई क्वालिटी का कोयला देने के नाम पर ठगी की घटना के मामले में कैमोर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध किया है।

कैमोर थाना प्रभारी अरविंद चौबे ने बताया कि कैमोर रपटा लाल नगर निवासी विवेक शुक्ला पिता राम नरेश शुक्ला ने झारखंड रांची के हरसिंग रोड बारियातू स्थित राय एंक्लेव के संचालक 42 वर्षीय प्रवीण कुमार पिता नरेश प्रसाद को बेहतर क्वालिटी का कोयला उपलब्ध करने के लिए संपर्क किया। मुलाकात के दौरान ठग विवेक शुक्ला ने राय एंक्लेव के संचालक को अपना परिचय एक कोयला व्यापारी के तौर पर दिया।

विवेक की बातों में आकर जब कंपनी संचालक प्रवीण उसकी कोयला साइट देखने पहुंचा तो उसने सिंगरौली स्थित एक कोयला साइट को दिखाते हुए यह कहा कि यह साइट उसकी है और यही से उसे कोयला भेजा जाएगा। उसकी बातों में आकर 29/ 10 /2024 की शाम 4 बजे से लेकर 25/ 11/ 2024 की दोपहर 2 बजे के बीच तीन बार में राय एंक्लेव के संचालक प्रवीण कुमार ने कैमोर निवासी ठग विवेक शुक्ला को 1 करोड़ 40 लख रुपए की रकम ऑनलाइन पेमेंट की।

ऑनलाइन 1 करोड़ 40 लाख रुपए प्राप्त हो जाने के ठग विवेक ने कंपनी संचालक का फोन उठाना ही बंद कर दिया। विवेक न तो फोन उठा रहा था और न ही कोयले की सप्लाई दे रहा था। इस बात से परेशान होकर कंपनी संचालक जब उस साइट पर पहुंचे जहां विवेक ने उनको घुमाते हुए यह कहा था कि यह उनकी साइट है, वहां पर कोयला साइट के वास्तविक मालिक से मुलाकात होने के बाद उनके होश उड़ गए।

घटना की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जब मामले की जांच शुरू की तो यह बात सामने आई की झारखंड की कंपनी से लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की ठगी करने वाले विवेक शुक्ला ने रिंग रोड कर्बिया चौक सरगुजा अंबिकापुर छत्तीसगढ़ निवासी मयंक अग्रवाल एवं अमन अग्रवाल को प्राप्त एक करोड़ 40 लाख रुपए में से 80 लाख रुपए की रकम ऑनलाइन ट्रांसफर की थी। धोखाधड़ी के इस मामले में विवेक के साथ शामिल होने की आशंका सामने आने के बाद कैमोर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 318 (4), 338, 336( 3), 340, 340 (2), 61 (2), 3( 5) एनबीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। तीनों ही आरोपी फिलहाल फरार बताए जा रहे हैं।

### कन्या महाविद्यालय में मार्गदर्शन शिविर का समापन कार्यक्रम




शासकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में वाणिज्य संकाय के अंतर्गत परीक्षा पूर्व मार्गदर्शन शिविर का समापन कार्यक्रम किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य डॉक्टर चित्रा प्रभात ने अपने उद्बोधन में परीक्षा पूर्व तैयारी के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। यह समापन शिविर महाविद्यालय में बीकॉम प्रथम द्वितीय व तृतीय वर्ष की छात्राओं की परीक्षा पूर्व तैयारी के लिए आयोजित किया गया था। जिसमें हर वर्ष की छात्राओं के लिए सभी विषयों की पांच दिवसीय कक्षाओं का आयोजन किया गया। जिसमें वाणिज्य संकाय के शिक्षकों ने अपने विषय के संबंध में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की और छात्राओं का परीक्षा पूर्व तैयारी में मार्गदर्शन प्रदान किया । मंच का संचालन डॉक्टर संजयकांत भारद्वाज द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में ईशा अहिरवार मनीषा अहिरवार आस्था खरे, जिझा जैन, सानिया रघुवंशी, सौम्या बिलैया, आशू मिश्रा, रेनू केवट, वृंदा आदि छात्राओं ने पांच दिवसीय शिविर के बारे में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

## बारिश की बूंदों को सहेजने के लिए जल गंगा अभियान के तहत प्रयास हुए प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विकास खंड ढीमरखेड़ा की सभी ग्राम पंचायतों में बारिश के जल की बूंदों को सहेजने का जलगंगा संवर्धन महाभियान गुड़ी पड़वा के दिन 30 मार्च से शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार और जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जलस्त्रोतों तथा नदी, कुंओं, तालाबों, बावड़ियों सहित अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिये 30 मार्च से 30 जून तक संचालित होने वाले इस महत्वाकांक्षी अभियान को सभी की समन्वित भागीदारी से ग्राम पंचायतों के सरपंच, जनपद सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाज सेवियों, ग्रामीणों और जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सीईओ यजुवेंद्र कोरी की मौजूदगी में ग्राम पंचायत कछारगांव बड़ा से प्रारंभ हुआ। जल संरक्षण हेतु विविध प्रकार की गतिविधियां संपन्न हुई। इस दौरान जनपद पंचायत के सीईओ श्री कोरी ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्रामीण जनों को जल की एक-एक बूंद को सहेजने और सुरक्षित के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। जनप्रतिनिधियों स्थानीय नागरिकों अधिकारियों और कर्मचारियों ने भावी पीढ़ी के लिये जल स्त्रोतों का संरक्षण व संवर्धन कर पानी को सहेजने के जतन में सम्मिलित सहभागिता के प्रति प्रतिबद्धता को जाहिर किया। इस वर्ष संचालित होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान की थीम जनसहभागिता से जल स्त्रोतों का संवर्धन है।

जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने जल गंगा संवर्धन अभियान के सफल अमल के लिये कुओं एवं बोरवेल को रिचार्ज करने तालाब की साफ-सफाई करने श्रमदान किया और सुझाव दिए । पानी को रोकने व सहेजने का अभियान शुरू करने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समूचे जलगंगा संवर्धन अभियान के दौरान जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से कार्य कराए जाएंगे। जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी यजुवेंद्र कोरी ने बताया कि अभियान के दौरान ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले तालाबों, जल स्त्रोतों की साफ-सफाई व जीर्णोद्धार का कार्य किया जायेगा।

*सम्प्रेषणा नाट्य मंच के कलाकारों ने दी इहो ई सच आ नाटक की प्रस्तुति*

## नाट्य मंचन से सामाजिक कुरीतियों पर व्यंग्यात्मक तरीके से दर्शाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



झूलेलाल जयंती के उपलक्ष में होने वाले चेट्रीचंड्र महोत्सव जो की माधव नगर स्थित श्री झूलेलाल मंदिर ग्रांउण्ड में झूलेलाल सेवा मण्डल द्वारा आयोजित किया जाता है, जिसमे इस वर्ष भी विभिन्न कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इसी श्रृंखला में संप्रेषणा नाट्य मंच, कटनी के कलाकारों द्वारा भी एक सिंधी हास्य नाटक ₹इहो ई सच आ₹ की प्रस्तुति विगत दिवस 29 मार्च गई, जिसमे हास्य साथ-साथ समाज फ़ैली कुरीतिओं तथा समाज की युवा युवा पीढ़ी का पाश्चात्य सभ्यता की ओर झुकाव और अपनी सभ्यता, संस्कृति, और भाषा के प्रति उदासीनता को व्यंग्यात्मक तरीके से दर्शाया गया, दर्शकों से प्राप्त प्रतिक्रिया में दर्शकों ने नाट्य प्रस्तुति का बहुत ही आनंद लिया और यह भी कहा की जो जो सामाजिक समस्याएं वे भी महसूस करते है और अपने दैनिक जीवन में उसे देखते है उन्हें निर्देशक द्वारा बहुत ही सरल ढंग से मंच में प्रदर्शित किया है, मंच की सज्जा बहुत ही प्रभाव शाली रही जिससे दर्शकों स्थान व देश काल की भलीभांति अनुभूति हो रही थी जिससे दर्शकों को नाटक से जुड़ने में बहुत ही सहजता हुई।

अभिनय पक्ष की बात करें तो सभी कलाकारों बहुत ही सराहनीय थी विशेष तौर से इस नाटक के मुख्य अभिनेता जोधाराम जयसिंघानी और उनके साथ शुभम, प्रकाश शादीजा की प्रस्तुति ने दर्शकों की बहुत वाहवाहियां लूटी। सिंधी हास्य नाटक ₹इहो ई सच आ₹ का निर्देशन संप्रेषणा नाट्य मंच के वरिष्ठ रंगकर्मी ध्यातिलब्ध जोधराम जयसिंघानी द्वारा किया गया और अभिनय संस्था के दर्शन बजाज, जिया लालवानी, काव्या झामनानी, प्रकाश शादीजा, पूजा पूजा मंगतानी जानवी मखीजा, शुभम नागवानी , राखी आहूजा सिमरन लालवानी, नमृता राजपाल, चाहत और सौरभ किया गया।

संप्रेषणा नाट्य मंच उपस्थित सभी गणमान्य दर्शकों का धन्यवाद और अभिवादन करती है जिनकी उपस्थिति में संस्था के नाटक का सफल मंच हो सका है साथ ही संस्था श्री झूलेलाल सेवा मण्डल का भी बहुत आभार व्यक्त करती है की उन्होंने हमे नाट्य प्रस्तुति का अवसर दे कर अनुग्रहित किया ।

### मदन मोहन चौबे एवं वंशस्वरूप वार्ड में सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन

## दो वार्डों में एक करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शहर के विकास हेतु इन दिनों महापौर प्रीति संजीव सूरी वार्डों में प्राथमिक आवश्यकताओं को देखते हुए विकास कार्यों की सौगात दे रही हैं। महापौर ने मदन मोहन चौबे वार्ड में लगभग 65 लाख के विकास कार्यों को हरी झंडी दिखायी है। विकास कार्य अन्तर्गत वार्ड में स्थित बंधवा टोला में सी सी सड़क एवं नाली बनायी जायेगी, जिससे नागरिकों का आवागमन सुलभ होगा एवं पानी की निकासी संबंधी समस्याएँ भी ख़त्म होंगी। कार्यों के शुभारंभ हेतु महापौर सूरी ,निगमाध्यक्ष मनीष पाठक एवं स्थानीय पार्षद सुशीला मिश्रीलाल की गरिमामय उपस्थिति में वार्ड की वरिष्ठ महिला चंपा बाई और तीजिया बाई से भूमिपूजन संपन्न कराया।

भूमिपूजन पश्चात महापौर सूरी ने सभी वार्ड वासियों को कहा कि हमारा उद्देश्य किसी एक वार्ड को विकसित करना नहीं बल्कि पूरे शहर को विकास से सराबोर करना है,किंतु विकास कार्य किए जाने हेतु निर्धारित बजट को देखते हुए कार्य किए जाते है। इसलिए उनके द्वारा स्थानीय पार्षदों के साथ सभी वार्डों में भ्रमण करते हुए स्थानीय जनों की समस्याओं को सुनकर एवं प्राथमिकता को देखते हुए निर्माण कार्य कराये जाते हैं। उन्होंने कहा हम धीरे-धीरे निरंतरता के साथ विकास की सीढ़ी में चढ़ते हुए एक दिन निश्चित ही नगर निगम सीमांतर्गत सभी वार्डों को विकास की दृष्टि में सफल बना पायेंगे और शहर का विकास केवल निर्माण कार्य तक सीमित नहीं है,उसके लिए हम सबको हमारे शहर की गलियों,चौक चौराहों के साथ साथ हमारी जीवनदायनी नदियों को भी स्वच्छ रखना आवश्यक है और इसके लिए जनभागदारी बहुत ही महत्वपूर्ण है,तो सभी अपनी सहभागिता देते हुए नगर विकास हेतु आगे आये, कचरे को रोड में ना फेंके,जल व्यर्थ ना बहायें, नदियों को दूषित ना करें एवं एक पेड़ अवश्य लगायें।

#### 47 लाख से सी.सी सड़क व नाली का होगा निर्माण

महापौर प्रीति संजीव सूरी,नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक एवं वार्ड पार्षद सुमित्रा रावत के साथ शनिवार को नगर निगम सीमांतर्गत वंशस्वरूप वार्ड में लगभग 47 लाख की लागत से होने जा रहे विकास कार्यों का भूमिपूजन वार्ड की नागरिक अंजली कोल,श्यामनी बाई से विधिवत संपन्न कराया।

इन विकास कार्यों में वार्ड में स्थित लाला पहाड़ी में 21 लाख की लागत से सड़क एवं 17 लाख की लागत से नाली का निर्माण होगा,इसी क्रम में बंगाली दादा के पास एवं विभिन्न स्थानों में 9 लाख की लागत से सी सी नाली बनायी जायेगी,जिससे स्थानीय जनों की समस्याएँ अब ख़त्म हो सकेंगी।

इस मौके पर महापौर श्रीमति सूरी ने वार्ड वासियों से कहा कि वार्डों में विकास को निरंतर गति प्रदान की जा रही है,कटनी को विकास के उच्चतम स्तर में लाने हेतु हमारी भाजपा सरकार हमारे यशस्वी प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ,क्षेत्रीय सांसद विष्णु दत्त शर्मा जी नगरीय प्रशासन मंत्री माननीय कैलाश विजयवर्गीय के मार्गदर्शन में वे लगातार कटनी को विकास की दृष्टि में बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत हैं,ताकि सभी वार्ड के नागरिकों को उनकी मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रखते हुए उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध हो सके।



## सांसद के पुतले का दहन कर मामला दर्ज कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा भारत भूमि के अमर सपूत महान वीर सम्राट महाराणा संग्राम सिंह(राणा सांगा) को गद्दार खाने का दुस्साहस करना अत्यंत निंदनीय, आशोभनीय, अमर्यादित एवं राष्ट्रविरोधी कृत्य किया है। यह न केवल सांसद की गरिमा और ऐतिहासिक सत्य का अपमान है बल्कि देश की आत्मा और स्वाभिमान को भी आहत किया है जिससे संपूर्ण भारतवर्ष का क्षत्रिय हिंदू समाज आहत हुआ है। लालजी सुमन को तत्काल राज्यसभा से बर्खास्त किया जावे वह राजद्रोह का मामला पंजीबद किया जावे की मांग की जाकर बहोरीबंद बस स्टैंड में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ,करणी सेना ने रामजीलाल सुमन का पुतला फूंका तथा सदस्यता भंग ना किए जाने पर संसद का घेराव किए जाने की घोषणा की। अनिल सिंह सेंगर द्वारा कहा गया कि महापुरुषों पर आशोभनीय टिप्पणी वह भारतीय इतिहास पर छेड़खानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### जुआ खेलते भाजपा पार्षद गिरफ्तार

**अनूपपुर।** बाडीखार के जंगल में घेराबंदी कर छापामार कार्यवाही किया गया तो जुआड़ी 52 ताश के पत्तो पर रुपयो पैसो से हार- जीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे थे, जिन्हे पुलिस टीम की मदद से आरोपी मनोज कुमार पिता अमरनाथ दीक्षित उम्र 60 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 18 सुन्दर नगरी भालूमाडा व सुशील कुमार उर्फ चुन्ना पिता शेषमणि तिवारी उम्र 46 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 18 सुन्दर नगरी भालूमाडा को पकडा गया जिनके कब्जे से 52 ताश के पत्ते व 8040 रुपये एवं 3 मोटर सायकल जप्त किया गया एवं तीन जुआड़ी पुलिस को देखकर जंगल का फायदा उठाकर भाग गये उनके विरुद्ध के अप.क्र 146/2025 धारा 13 जुआं एक्ट का अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया।

### जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किया गया श्रमदान



**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद अनूपपुर के द्वारा आज माननीय मुख्यमंत्री एवं जन अभियान परिषद के अध्यक्ष डॉ मोहन यादव जी के आह्वान पर प्रदेश भर में जल संरक्षण हेतु चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सोन नदी मे सामुहिक श्रमदान किया गया इस दौरान नदी के बरबसपुर तट पर फैले कचरे की सफाई हेतु कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल की अगुवाई में जन अभियान परिषद की टीम ने नदी में फैली प्लास्टिक, गाद को खत्म करने हेतु 1 घण्टे श्रमदान किया। ज्ञात हो कि विगत दिवस जल गंगा संवर्धन अभियान की बैठक मे कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली द्वारा सोन नदी में लगातार बढ़ती हुई गन्दगी को देखते हुए जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पाण्डेय को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सामूहिक साप्ताहिक स्वक्षता श्रमदान चलाने के निर्देश दिए गए थे जिसके परिपालन में जन अभियान परिषद द्वारा प्रत्येक शनिवार को अनूपपुर नगर में स्थित सोन सहित सभी नदियो में स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम करने का निर्णय लिया है। श्रमदान कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पाण्डेय, ब्लाक समन्वयक फते सिंह,अनूपपुर विकासखंड के सभी परामर्शदाता व सी एम सी एल ड़ी पी छात्र, नवांकुर प्रतिनिधि, प्रस्फुटन समिति सदस्य समाजसेवी अरुण सिंह, फुक्कू सोनी उपस्थित रहे। जल गंगा सवर्धन अभियान का प्रमुख उदेश्य जल संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करना व जल स्त्रोतों के रख रखाव प्रति आम जन को जागरूक करना है। नदी देवी स्वरूपा होती है हम इसमे आते जाते कचरा न डाले हमेशा इसे स्वच्छ व निर्मल रखें जल है तो कल है जल ही जीवन है।

### गांजा बिक्री मामले में एसआई, एएसआई लाइन अटैच

**अनूपपुर।** पुलिस जिन पर कानून की रक्षा का जिम्मा होता है, जब वही नियम-कायदों को ताक पर रखकर 'खेल' करने लगें, तो सवाल उठना लाजमी है। कुछ ऐसा ही मामला सामने आया है भालूमाड़ा थाना में, जहां कानून के रखवालों ने खुद ही कानून तोड़ने की 'डील' कर ली। परिणामस्वरूप, पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने सख्त कार्रवाई करते हुए एसआई राघव बागरी और एएसआई अरविंद राय को तत्काल प्रभाव से लाइन अटैच कर दिया। मामला 25 मार्च की रात का है, जब भालूमाड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम शिकारपुर में गांजा तस्करी की सूचना पर पुलिस ने आरोपियों का पीछा किया। बताया जा रहा है कि आरोपी मौके से भाग खड़े हुए, लेकिन उनके द्वारा छोड़ा गया लगभग 80 किलो गांजा एएसआई अरविंद राय ने जब्त करने के बजाय किसी 'गौतम' नामक व्यक्ति को बेच दिया। दिलचस्प बात यह रही कि थाना प्रभारी को इसकी भनक तक नहीं लगी। लेकिन कहते हैं न, चोरी के पांव नहीं होते। जब इस गोरखधंधे की शिकायत पुलिस अधीक्षक तक पहुंची, तो कार्रवाई होना तय था और राय को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया। दूसरी ओर, भालूमाड़ा थाना में पदस्थ एसआई राघव बागरी की भूमिका भी कम संदिग्ध नहीं रही। सूत्रों के मुताबिक, बागरी ने गश्त के दौरान रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर जानबूझकर आंखें मूंद लीं। यानी 'चुप्पी' का कुछ खास मोल चुकाया गया होगा! यह मामला सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक ने उन्हें भी बिना देर किए लाइन हाजि दिया। भ्रष्टाचार चाहे छोटे स्तर पर हो या बड़े, कानून से बड़ा कोई नहीं। अनूपपुर पुलिस अधीक्षक ने इस कार्रवाई से यह साफ कर दिया है कि यदि पुलिसकर्मी अपने कर्तव्यों से भटकते हैं, तो उनकी जगह वर्दी में नहीं, बल्कि लाइन में होती है।

# तेरे सजदे में सिर झुका, नमन है तुझे, दिल से हजारों सलाम कर दूं



आपसी भाईचारे व सामाजिक सौहार्द के माहौल में एखलास व एहतराम के साथ ईद का त्योहार जिले भर मे शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। एक माह से चला आ रहा पवित्र रमजान का पावन महीना ईदगाह में नमाज अदा करने साथ समाप्त हो गया। जिलेभर के विभिन्न ईदगाहों में सिर झुकाकर सजदा किया और विश्व कल्याण की दुआ मांगी गई।

## जिले भर में शांति एवं अकीदत के साथ मनाया गया ईद का त्यौहार





### गले मिलकर दी बधाई, कानून व्यवस्था भी रही पुख्ता

**अनूपपुर।** ईद-उल-फितर का त्योहार सोमवार को जिला सहित कोयलांचल नगरी मे शांति एवं अकीदत के साथ मनाया गया। ईद को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर आया। नमाज के बाद लोगो ने एक दूसरे को गले मिल कर ईद की मुबारकवाद दिया। ईद की नमाज पर क्षेत्र में अमन चैन और खुशहाली की दुआ मांगी गई। ईद पर लोगो ने नये नये कपड़े पहने और सेवइयां खाई। ईदगाह में मेला भी सजा रहा जहां बच्चों के द्वारा खिलौने सहित खाने पीने की वस्तुओं की खरीदी करते नजर आए बच्चों ने झूले का भी आनंद लिया। ईद को लेकर प्रशासन अलर्ट नजर आया। सुरक्षा को लेकर चाक चौबंद व्यस्था बनी रही। सभी मस्जिदों के पास पुलिस बल की तैनाती की गई थी साथ ही पेट्रोलिंग टीम भी लगातार प्रमुख चौराहों पर भ्रमण करती रही।

### अल्लाह को धन्यवाद देने के लिए मनाया जाता त्यौहार

ईद का त्यौहार शव्वाल का चांद देखकर मनाया जाता है, शव्वाल एक अरबी कैलेंडेर के महीने का नाम हैं, जो रमजान के महीने के बाद आता है शव्वाल की पहली तारीख को ईद उल फितर मनाई जाती है, ईद उल फितर को मीठी ईद भी कहा जाता है। इस दिन लोगों के घरों में सेवई या फिर खीर के साथ-साथ कई बेहतरीन पकवान बनाए जाते हैं और फिर लोग एक दूसरे के घर जाकर ईद की मुबारकबाद पेश करते हैं। ईद उल-फितर यानी मीठी ईद रमजान के रोजा की समाप्ति पर सुबह से शाम तक मनाई जाती हैं और महीने भर के रोजा के दौरान शक्ति और धीरज प्रदान करने के लिए अल्लाह को धन्यवाद देने के लिए मनाया जाता हैं। ईद की तारीख हिजरी कैलेंडर की वजह से हर साल बदलती है, यह कैलेंडर चंद्रमा पर आधारित होता है, इसमें चांद की घटती-बढ़ती चाल के अनुसार दिनों की गिनती की जाती हैं, जब एक नया चांद दिखाई देता है और धार्मिक अधिकारियों द्वारा इसकी पुष्टि की जाती है। इसके बाद ही इस्लामी महीना शुरू होता है, नया चांद दिखने के आधार पर ही दुनियाभर में अलग-अलग दिनों में ईद का त्योहार मनाया जाता है।

### जिले भर मे सजदे मे झुके सिर

राजेन्द्रग्राम में भी ईद के मौके पर स्थानीय मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मस्जिद में खुशियों के साथ नमाज अदा की तथा अल्लाह के सजदे में अपना सिर एक साथ झुकाया। जबकि भालूमाड़ा में ईद उल फित्र का पर्व सदभावनापूर्ण व सौहार्द्र के साथ मनाया गया। सुबह भालूमाड़ा ईदगाह में नमाज अदा की गई। नमाज अदाएगी के बाद उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को ईद का मुबारकबाद पेश की। कोतमा नगरीय क्षेत्र में पूर्व निर्धारित समयानुसार ईद की नमाज अदाएगी की गई। नमाज संपन्न होने के बाद सभी नमाजियों ने उपस्थित लोगों को ईद की मुबारकबाद दी वहीं जैतहरी नगर में मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद उल फितर में भी मस्जिद में नमाज अदा की गई।

### कानून व्यवस्था भी रही पुख्ता

ईद-उल-फितर के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा सद्भावना और भाईचारे की गौरवशाली परंपरा को कायम रखने कानून एवं शांति व्यवस्था के तहत अनुभाग अनूपपुर, जैतहरी पुष्पराजगढ एवं कोतमा में पुलिस अधिकारियों की तैनातगी की गई थी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में ईद-उल-फितर के मौके पर नमाज अदा की गई कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कानून व्यवस्था का जायजा लिया।

### शाम को चला सेवइयों का दौर

ईद का त्यौहार मुस्लिम भाईयों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद मुबारक बाद दी है। शाम को एक दूसरे के घर जाकर सेवईयां का भी दौर चला। ईद की खुशी 2 से 3 दिन तक मनाया जाएगा।

### कोतमा मे नपा अध्यक्ष ने दी बधाई

ईद पर कोतमा नगर के इस्लाम गंज, बनिया टोला मस्जिद के साथ लहसुई गांव के पास ईदगाह में सैकड़ो की संख्या लोगों ने ईद की नमाज अदा किया गया। ईदगाह पर नपा अध्यक्ष अजय सराफ, एसडीओपी आरती शाक्य, तहसीलदार ईश्वर प्रधान थाना प्रभारी सुंन्द्रेश सिंह, सीएमओ प्रदीप झारिया सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। नपा अध्यक्ष ने सभी मुस्लिम भाइयों से ईद के त्यौहार मिल जुल कर मनाने की अपील किया और सभी को मुबारकवाद दी। ईदगाह स्थल पर नगर पालिका के द्वारा नमाजियों के लिए टेंट एवं पीने के पानी सहित अन्य व्यवस्था भी कराई गई।ईदगाह स्थल पर प्रशासन के साथ ही पुलिस विभाग नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित थे ।

# सरकारी ज़मीन पर दबंगई का कब्ज़ा, कागजों तक सीमित कानून



### प्रशासन बना मूकदर्शक, अतिक्रमणकारी के हौसले बुलंद

**अनूपपुर।** जिले में सरकारी ज़मीन पर अवैध कब्ज़े का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां अखिलेश गौतम निवासी धनगवां ने ग्राम पंचायत फुनगा, चमन चौक में शासकीय भूमि पर कब्ज़ा कर सेप्टिक टैंक का निर्माण शुरू कर दिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि प्रशासन ने कई बार स्थगन आदेश जारी किए, लेकिन निर्माण कार्य नहीं रुका। ऐसा लगता है कि प्रशासन ने या तो आंखें मूंद ली हैं या फिर कोई 'ऊपर से दबाव' डलवा रहा है। क्या सरकारी तंत्र केवल कमजोर और गरीब लोगों पर ही अपना कानून चलाता है। क्योंकि जब कोई गरीब व्यक्ति फुटपाथ पर छोटी सी दुकान लगाता है, तो प्रशासन तुरंत कार्रवाई कर देता है, लेकिन जब कोई दबंग शासकीय ज़मीन पर कब्ज़ा करता है, तो अफसरों के हाथ-पैर कांपने लगते हैं।

### प्रशासन का ढुलमुल रवैया

पटवारी हल्का फुनगा के प्रतिवेदन के आधार पर नायब तहसीलदार फुनगा ने इस अवैध कब्ज़े पर 25/03/2025 को स्थगन आदेश जारी किया। रिपोर्ट के अनुसार, मामला खसरा नंबर 441/1/2/1 की 111.967 वर्गफीट सरकारी ज़मीन का है, जहां अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा है। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब प्रशासन ने इस अतिक्रमण को रोकने की कोशिश की हो। 2019 में भी प्रशासन ने इस अवैध निर्माण को रोकने के आदेश जारी किए थे, लेकिन अखिलेश गौतम ने कानून की धज्जियां उड़ाते हुए अपना निर्माण कार्य जारी रखा। अब सवाल यह उठता है कि अगर प्रशासन ने 2019 में कार्रवाई की होती, तो क्या आज यह अतिक्रमण जारी रहता, लेकिन हुआ क्या प्रशासन फाइलों में आदेश पास करता रहा और दबंग अतिक्रमणकारी सरकारी ज़मीन पर खुलेआम कब्ज़ा करता रहा।

### प्रशासन की नाकामी, रसूखदारों की दबंगई

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन जानबूझकर इस अवैध कब्ज़े को नजरअंदाज कर रहा है। क्या इसमें किसी बड़े अधिकारी या नेता का हाथ है। क्योंकि जब कोई कमजोर व्यक्ति सरकारी नियमों का उल्लंघन करता है, तो प्रशासन फौरन हरकत में आ जाता है, लेकिन जब किसी रसूखदार व्यक्ति की बात आती है, तो कार्रवाई ठंडे बस्ते में डाल दी जाती है। यही कारण है कि अतिक्रमणकारी का मनोबल बढ़ता जा रहा है और प्रशासन पूरी तरह से लाचार नजर आ रहा है। अगर यही हाल रहा, तो आने वाले दिनों में जिलेभर में सरकारी ज़मीनों पर कब्ज़े का नया सिलसिला शुरू हो सकता है।

### क्या जागेगा प्रशासन

अब देखना यह होगा कि प्रशासन कब तक आंखें मूंदे बैठा रहेगा। क्या अब भी कार्रवाई होगी या फिर रसूखदारों के आगे सरकार झुक जाएगी। अगर इस बार भी प्रशासन ने लापरवाही बरती, तो जनता के मन में यह सवाल उठना लाज़मी है कि कानून सिर्फ गरीबों के लिए है और रसूखदारों को खुली छूट मिली हुई है। जनता देख रही है, सवाल पूछ रही है और जवाब अब ज़रूरी हो गया है। प्रशासन को अब चाहिए कि अखिलेश गौतम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए तुरंत बुलडोज़र चलाए और सरकारी भूमि को मुक्त कराए वरना यह साफ हो जाएगा कि कानून सिर्फ कागजों तक सीमित है और रसूखदारों को सरकारी संपत्ति लूटने की खुली छूट दी गई है।

# अमरकंटक में संतों द्वारा की जा रही चैत्र नवरात्रि की विशेष पूजा-अर्चना



**अमरकंटक।** मां नर्मदा के पावन जन्म स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर अमरकंटक में प्रत्येक आश्रमों मंदिर नर्मदा मंदिर एवं पूरी नगर में विशेष पूजन अर्चन भक्तों के द्वारा संतों के द्वारा मां दुर्गा के अनुयायियों के द्वारा किया जा रहा है जहां पर नर्मदा मंदिर ट्रस्ट के द्वारा घृत का दीपक भक्तों के द्वारा जलाया गया है इस तरह अमरकंटक के प्रमुख आश्रम श्री मार्कंडेय आश्रम अमरकंटक श्री कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक वह अन्य आश्रमों में ही चैत्र नवरात्रि पर हवन पूजन किया जा रहा है आचार्य महामंडलेश्वर ब्रह्म ऋषि रामकृष्णानंद महाराजश्री मार्कंडेय आश्रम अमरकंटक ने बताया कि मार्कंडेय आश्रम में सभी तिथियां पर या विशेष पर्वों पर जगत जननी माता राजराजेश्वरी की विशेष पूजा की जाती है जिसमें से पूरे वर्ष भर में चार नवरात्रि होती हैं एक शारदेय नवरात्रि एक चैत्र नवरात्रि एवं दो गुप्त नवरात्रि होती हैं सभी नवरात्रियों में आश्रम परिसर के मंदिर में विशेष पूजन अर्चन हवन जब श्रृंगार आदि भगवती का किया जाता है। इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र के पावन सु अवसर पर विशेष श्रृंगार दुर्गा सप्तशती का पाठ हवन पूजन किया जा रहा है। इसी तरह श्री कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक में आश्रम के प्रकांड विद्वान पंडितों के द्वारा निशा हवन किया जा रहा है। निशा हवन मैं स्वामी धर्मानंद महाराज ने बताया की आश्रम परिसर में पिछले 28 वर्षों से लगातार अनवरत रूप से दुर्गा सप्तशती का पाठ चल रहा है और आश्रम परिसर में विशेष विशेष पर्व पर हवन निशा हवन का आयोजन किया जाता है जिसमें प्रमुख रूप से शारदे नवरात्रि में एवं चैत्र नवरात्रि पर आश्रम के विद्वान आचार्य पंडितों के द्वारा निशा हवन किया जाता है। पंडित मुकेश पाठक एवं पंडित संदीप ज्योतिषी के द्वारा रात्रि में निशा हवन पूरे चैत्र नवरात्र में किया जा रहा है जिसमें प्रमुख रूप से दो आचार्य पंडित माता भगवती दुर्गा का पाठ करते हैं एवं पांच भक्तों श्रद्धालुओं के द्वारा हवन किया जाता है जिसमें इस वर्ष स्वामी धर्मानंद महाराज स्वामी नारायण गिरी महाराज एवं पंडित द्वय में उमाशंकर पांडेय पंडित मयंक एवं पंडित त्रिपाठी हवन में योगदान दे रहे हैं स्वामी धर्मानंद ने बताया की चैत्र नवरात्रि से ज्यादा शारदे नवरात्रि में कल्याण आश्रम परिसर में बड़े स्वरूप के साथ नवरात्र मनाया जाता है 9 दिन निशा हवन के प्रांत नवमी के दिन भगवती रूप हुई कन्याओं की कन्या पूजन भी किया जाता है तब जाकर निशा हवन संपूर्ण होता है।

## सरस्वती शिशु मंदिर अनूपपुर के आचार्यों की हुई भावभीनी विदाई



**अनूपपुर।** क्षेत्र के सरस्वती शिशु मन्दिर/उच्च माध्य विद्यालय अनूपपुर में 29 मार्च को अर्धवार्षिकी पूर्ण करने वाले प्रधानाचार्य नित्यानंद श्रीवास्तव एवं व्याख्याता सत्यव्रत पटेल के सेवानिवृत्ति का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सरस्वती शिक्षा परिषद मध्यप्रदेश जबलपुर की ओर से शहडोल विभाग के विभाग समन्वयक रामशिरोमणि शर्मा,ग राम भारती जिला अनूपपुर के संयोजक सुखदेव त्रिपाठी, एकल वनवासी विद्यालय के जिला संयोजक रामशरण चंद्रवंशी उपस्थित रहे। सत्यव्रत पटेल एवं नित्यानंद श्रीवास्तव ने अपने कार्यकाल की विभिन्न पड़ाव, योजना को साकार करने में उनके दायित्व तथा आने वाले समय मे इसके विस्तार में हम कैसे सहयोगी बनें। इसकी प्रेरणा प्रदान की। कार्यक्रम में नवागत 4 आचार्य दीदियों का अभिनंदन किया गया। विद्यालय एवं समिति परिवार की ओर से व्यवस्थापक आदर्श दुबे ने सेवानिवृत प्रधानाचार्य, व आचार्य को माल्यार्पण कर भेंट प्रदान किया। सभी ने उत्तम स्वास्थ्य व लंबी उम्र की कामना की साथ ही समय-समय पर विद्यालय आगमन योजना विस्तार में उनकी भूमिका की कामना की। प्राचार्य सतीशचन्द्र सिंह ने सभी का आभार प्रकट करते हुए उनके सहयोग, अनुभव, स्वभाव की सहजता, आत्मीय संबंधों की चर्चा करते हुए भावभीनी विदाई की। विदाई गीत संस्था की वरिष्ठ आचार्य दीदी श्रीमति संध्या शिवहरे ने प्रस्तुत किया। कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

# बिजुरी पुलिस ने अवैध शराब परिवहन पर की कार्यवाही




### 54 लीटर अवैध शराब सहित मोबाइल व वाहन जप्त

**बिजुरी।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान जी द्वारा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए आदेशित किया गया है जिसके अनुपालन के लिये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमति आरती शाक्य द्वारा नियमित रूप से निर्देशित किया जाता है। ईद नवरात्रि व्यवस्था हेतु वाहन चेकिंग बिजुरी पुलिस द्वारा खेडिया क्रेशर तिराहा बिजुरी मे लगायी गई थी दौरान वाहन चेकिंग दिनांक 30.03.25 को एक स्कूटी **MP**65**SA**0884 में 03 व्यक्ति बहेराबांध कोठी की तरफ आते दिखायी दिये जिसमे से एक व्यक्ति पुलिस को देखकर गाडी से कूदकर भाग गया संदेह होने पर तत्काल उपरोक्त स्कूटी को घेराबंदी कर पुलिस अभिरक्षा मे लिया जाकर पूछताछ की गयी जिन्होने अपना नाम दिलीप शर्मा उर्फ भैया पिता भुवनेश्वर प्रसाद शर्मा उम्र 36 वर्ष निवासी वार्ड क्र 12 बिजुरी, मंगल प्रसाद कोल पिता राजेन्द्र प्रसाद कोल उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 11 बिजुरी तथा भागने वाले का नाम आभाष सिंह राणा निवासी कोठी का होना बताये तथा उनके पास रखे बोरे को चेक किया गया तो उनमे अवैध शराब का होना पाया गया। 34(2) आबकारी एक्ट का संज्ञेय अपराध होने से मौके से उपरोक्त आरोपियों के कब्जे से बरामद कुल अंग्रेजी बियर एवं देशी शराब कुल 54.390 लीटर कीमती 23080 रुपये एक स्कूटी कीमती 50000 रुपये मोबाइल फोन कीमती 5000 रुपये कुल कीमती 78080 रुपये का पुलिस द्वारा जप्त किया गया 02 आरोपियो को मौके से गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त आरोपियों के विरुद्ध थाना बिजुरी मे अप. क्र. 97/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचनाधीन है।

# विश्व कल्याण के लिए किया पौधा रोपण



**अमरकंटक।** धर्मनगरी अमरकंटक में चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर श्री कल्याण सेवा आश्रम परिसर में पंचवटी पौधों का रोपण स्वामी हिमाद्री मुनी महाराज प्रबंध निवासी श्री कल्याण सेवा आश्रम वह अन्य संत गण स्वामी हर स्वरूप जी महाराज स्वामी जगदीश आनंद महाराज स्वामी धर्मानंद महाराज स्वामी नारायण गिरी स्वामी सुंदरानंद की महाराज के उपस्थिति में विश्व कल्याण एवं पर्यावरण को संतुलन बनाने के लिए पंचवटी पौधे का रोपण किया गया है जिसमें पांच प्रकार के पौधे होते हैं उन पांचो प्रकार के पौधों को मिलाकर पंचवटी कहा जाता है पिछले वर्ष पूर्व में भी हजार वृक्ष मां नर्मदा के नाम पर कल्याण सेवा आश्रम के द्वारा नर्मदा नदी के उत्तर तट में लगाया था जिसको पूरी सुरक्षा के साथ पौधों को विकसित किया जा रहा है इस वर्ष बारिश के मौसम में पुनः पुनः हजार पर पौधे लगाने का लक्ष्य है जिससे अमरकंटक नगर का सौंदरीकरण भी होगा एवं वातावरण भी शुद्ध और पवित्र होगा और ज्यादा से ज्यादा वृक्ष बढ़ेंगे तो जनकल्याण भी होगा श्री कल्याण सेवा आश्रम के प्रबंध निवासी स्वामी हिमाद्री मुनि महाराज ने बताया की परम तपस्वी बाबा कल्याण दास के आशीर्वाद से वह उनकी प्रेरणा से कल्याण सेवा आश्रम ट्रस्ट अमरकंटक अमरकंटक के सौंदरीकरण के लिए हर संभव प्रयास करता रहेगा और वर्तमान समय में विशाल पौधा रोपण भी किया गया है एवं नगर के जनकल्याण को देखते हुए पूर्ण रूप से व्यवस्थित मुक्ति धाम का निर्माण कार्य भी कराया जा रहा है सब बाबा की कृपा है हम हमारा आश्रम अमरकंटक के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर है तैयार है जो भी संभव मदद होगी करते रहेंगे।